हिन्दुस्तान
नई दिल्ली • शनिवार • 05 दिसंबर 2020 | 11

डीएमआरसी ग्रेनो वेस्ट मेट्रो की सलाहकार बनी

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो पहुंचाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएआरसी) नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के लिए सलाहकार के रूप में काम करेगी। इस लाइन के लिए डीएमआरसी बतौर मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में काम करेगी। दोनों के बीच यह अनुबंध पांच साल के लिए हुआ है।

इस अनुबंध पर शुक्रवार को डीएमआरसी और एनएमआरसी के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। एनएमआरसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीण मिश्र व डीएमआरसी के डायरेक्टर (बिजनेस डेवलेपमेंट) पी.के गर्ग ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान एनएमआरसी और डीएमआरसी के आला अधिकारी भी ऑनलाइन इस प्रक्रिया से जुड़े।

प्रोजेक्ट अपडेट

- एनएमआरसी के साथ पांच साल के लिए करार किया
- नए परियोजना में सभी प्रकार के सिस्टम में सलाह व मदद करेगी

डीएमआरसी सलाहकार के रूप में नए परियोजना में सभी प्रकार के सिस्टम में सलाह व मदद करेगी। डीएमआरसी लागत को कम करने के लिए निर्माण डिजाइन, प्रूफ चेकिंग के अलावा विद्युत यांत्रिकी से संबंधित कार्यों में भी सलाह देगा। कंस्ट्रक्शन सुपरवीजन, क्वालिटी चेकिंग भी करेगी।